-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 27.10.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **पुलिसकर्मी ने पेश की मानवता की अनोखी मिसाल, बुरी तरह से घायल कुत्ते का उपचार कर दिखाया सेवा का मानवीय चेहरा। सड़क पर किसी अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने कुत्ते को मारी थी टक्कर।**

विवरण- जनसेवा और कर्तव्यनिष्ठा के अपने मूल सिद्धांतों का पालन करते हुए बांदा पुलिस के आरक्षी ने मानवीय संवेदना का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। पुलिस लाइन नें नियुक्त **आरक्षी सुदेश द्विवेदी** द्वारा सड़क दुर्घटना में घायल हुए एक बेजुबान कुत्ते की सहायता कर समाज में करुणा और सेवा की नई मिसाल पेश की गई। गौरतलब हो कि आज दिनांक 27.10.2024 को शहर के महाराणा प्रताप चौराहा से जरैली कोठी की ओर जाने वाली सड़क पर एक कुत्ते को एक तेज रफ्तार अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने टक्कर मार दी जिससे कुत्ते का अगला पैर बुरी तरह से कुचल गया था साथ ही उसके सिर और मुंह पर चोंटे आई थी जिससे वह गंभीर पीड़ा में था और जमीन पर असहाय अवस्था में पड़ा था। इस दौरान वहां से गुजर रहे आरक्षी सुदेश द्विवेदी की नजर कुत्ते पर पड़ी तो उन्होने घायल कुत्ते को वहां पर उपस्थित अन्य लोगों की मदद से परिसर में लगाकर प्राथमिक उपचार करते हुए कुत्ते की मलहम-पट्टी की तथा उसकी भूख मिटाने के लिए बिस्किट खिलाए। पुलिसकर्मी की इस संवेदनशीलता ने ना केवल वहां मौजूद लोगों का ध्यान खींचा, बल्कि उनका हृदय भी जीत लिया।